हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

4 सारंगढ़ में बेखौफ हो रही है सरकारी धान की रिसाइकल, 14 मिलों में पकड़ा गया





# गांवों की जरुरतें पूरी करने विधायकों ने खोला खजाना

**खास बातें**

- ग्रामीणों की जरुरत सामुदायिक भवन, सीसी रोड और बोर पंप
- 88 फीसदी खर्च हो चुकी है विधायकों की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गांवों की जरुरतें पूरी करने जिले के विधायकों ने खजाना खोल दिया है। हालात यह है कि उनको जितनी राशि मिलती है उससे कहीं अधिक कामों की लिस्ट प्रशासन को थमा दी है। अब इन कार्यो को पूरा करने के लिए आगामी वित्तिय वर्ष के राशि का इंतजार करना पड़ेगा। इस साल जो फंड मिली थी उसमें 88 फीसदी काम स्वीकृत हो चुके हैं। अब जो कार्यो की लिस्ट है उसे पूरा करने के लिए फंड का इंतजार रहेगा।

ग्रामीणों की सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, बोर पंप समेत ऐसी कई जरुरतें गांवों में रहती है जिसकी मांग विधायकों से ग्रामीण करते हैं। इन जरुरतों को पूरा करने में विधायकों की राशि खत्म हो चुकी है। जो मांगे बाकी है उसे पूरा करने के लिए विधायकों को अब अप्रैल तक का इंतजार करना पड़ेगा। वित्तिय वर्ष 2025-26 की राशि करीब 88 फीसदी खर्च हो चुकी है। करीब 12 फीसदी जो राशि बची है उसके लिए कार्यो की अनुशंसा हो गई है। याने इस महीने के आखिरी तक यह राशि भी खत्म हो जाएगी।

**धरमजयगढ़, लैलूंगा का प्रस्ताव ज्यादा**

धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने 4 करोड़ 20 लाख का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार ने 4 करोड़ 12 लाख, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने 3 करोड़ 93 और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने 2 करोड़ 78 लाख के कार्यो का प्रस्ताव दिया है। इसमें विधायक लालजीत के 3 करोड़ 96 लाख के कार्य स्वीकृत हुए हैं। लैलूंगा विधायक विद्यावती के 3 करोड़ 95 लाख, रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के 3 करोड़ 58 लाख खरसिया विधायक उमेश के 2 करोड़ 41 लाख के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इसमें प्रभारी मंत्री द्वारा किए गए अनुमोदन के कार्य भी शामिल है। चारों विधायकों ने 273 कार्यो का प्रस्ताव दिया था, जिसकी राशि 1504.52 लाख था।

**खबर संक्षेप**



## मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के एक मोबाइल दुकान में अज्ञात चोर ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। रात के समय शटर का ताला तोड़कर चोर दुकान में घुसा और महंगे मोबाइल और कैश चोरी कर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी सुरेश शाह बोइरदादर रोड पर मोबाइल दुकान का संचालन करते हैं। बुधवार रात रोज की तरह दुकान बंद कर शटर में ताला लगाकर वह घर चले गए थे। गुरुवार सुबह जब पास के ही दुकानदार ने शटर का ताला टूटा देखा तो उसने तुरंत सुरेश शाह को सूचना दी। दुकान पहुंचने पर चोरी की पुष्टि हुई, जिसके बाद चक्रधर नगर थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। रात के समय अज्ञात चोर ने दुकान के शटर का ताला तोड़ा। इसके बाद अंदर लगे कांच के दरवाजे को भी क्षतिग्रस्त कर दुकान में प्रवेश किया। सीसीटीवी फुटेज में एक ही चोर पूरी वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहा है। चोर ने दुकान के काउंटर में रखे कई महंगे मोबाइल चोरी कर लिए। इसके साथ ही गल्ले में रखे करीब 1 लाख रुपए नकद भी लेकर फरार हो गया। फिलहाल चोरी गए मोबाइल और कुल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### क्रिकेट सट्टा के मकड़जाल में फंसा शहर, नाबालिग भी सक्रिय

# डब्ल्यूपीएल और इंडिया-न्यूजीलैंड सीरीज में लग रहा करोड़ों का दांव, पुलिस अनजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर सहित जिले में क्रिकेट सट्टा का मकड़जाल फैला है। सट्टे में रोजाना लाखों का कारोबार हो रहा है, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं है। अभी इंडिया-न्यूजीलैंड सीरीज चल रहा है, जिससे शहर का सट्टा बाजार गर्म है। चौक-चौराहों, मोहल्लों में खुलेआम सट्टे का दांव लगाते देखा जा सकता है, लेकिन अब तक पुलिस ने एक भी खाईवाल पर कार्रवाई नहीं की है।

साल भर किसी न किसी देश का कोई न कोई क्रिकेट मैच चलते ही रहता है, लेकिन रायगढ़ पुलिस को क्रिकेट सट्टा का एक भी प्रकरण नहीं मिलता है। जिससे यह सट्टा बिना विराम के सालों से बेखौफ चल रहा है, इसके बाद भी शहर की पुलिस अंजान है। वर्तमान में डब्ल्यूपीएल व इंडिया-न्यूजीलैंड सीरीज चल रहा है। जिसके प्रत्येक मैच में रोजाना लाखों का दांव लग रहा है। शहर में सट्टा बाजार खुलेआम चलने की जानकारी पूरे शहर को है, लेकिन पुलिस के अधिकारी खुद को अंजान बता रहे हैं।



**सटोरियों की जानकारी करेंगे एकत्रित**

शहर में अगर क्रिकेट सट्टा खाईवाल फिर से सक्रिय हो गए हैं तो उनकी जानकारी एकत्रित करता हूं। इसके बाद संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अनिल कुमार सोनी, एएसपी, रायगढ़**

**बच्चों को भी लगी सट्टे की लत**

जो युवा व बच्चे किकेट में रुचि रखते हैं अब वे भी शॉटकट तरीके से रुपए कमाने के लालच में क्रिकेट सट्टा के आदी होते जा रहे हैं। कहीं पर भी ऐसे युवाओं और बच्चों की टोली खड़े होकर क्रिकेट सट्टा के बारे में बात करते नजर जा जाएंगे। वहीं दांव लगाने के लिए उत्साहित भी रहते हैं। यह अवैध कारोबार अधिकतर पान ठेलों से ही संचालित होता है। पान ठेले में मैच देखते-देखते सटोरी अपने क्षेत्र के खाईवालों को फोन कर भाव पूछते हैं और दांव लगाते नजर आते हैं। इस धंधे में शहर के कई पान ठेला संचालक भी शामिल हैं, जो खाईवालों से कमीशन लेकर उनका गेम लेते हैं और उन तक रुपए पहुंचाने का काम करते हैं।

**महानगरों से चलाते है नेटवर्क**

एक सट्टा खेलने वाले ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि जब कभी किक्रेट का कोई बड़ा टूर्नामेंट होता है तो शहर के बड़े खाईवाल कोलकाता जैसे महानगरों में जाकर वहीं से अपने शहर में सट्टा का नेटवर्क चलाते हैं। इसमें खाईवाल के साथ-साथ कम्प्यूटर चलाने की जानकारी रखने वाला एक्सपर्ट, कस्टमर से भाव लेने वाले व रुपए का हिसाब-किताब करने वाले लोग शामिल रहते हैं।

## ढाबा संचालक ने चोरों से कहा-धंधा हो रहा चौपट, बांध लो महीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चोर गिरोह द्वारा रात में खड़ी भारी वाहनों से लगातार डीजल की चोरी की जा रही है। जिससे वाहन चालक सहित ढाबा संचालक भी परेशान हो रहे हैं। क्योंकि चोरी की वजह से वाहन चालक ढाबों में जाने से कतरा रहे हैं, इससे उनका धंधा चौपट हो रहा है। इस संबंध में एक ढाबा संचालक का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह कह रहा है कि मंथली पैसा ले लो, लेकिन डीजल चोरी मत करो। इससे हमारा व्यापार बर्बाद हो रहा है।

वीडियो में ढाबा संचालक राकेश कुमार मौर्य कहते हुए नजर आ रहे हैं कि उनका ढाबा छपरा-बलिया नाम से धरमजयगढ़ से हाटी मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिसे वे कई वर्षों से चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात उनके ढाबे के सामने खड़ी 8-10 गाड़ियों से डीजल चोर गैंग ने डीजल निकाल लिया। वीडियो में वह चोर गिरोह से अपील करते हुए कहते हैं कि उनके ढाबे को निशाना न बनाया जाए और यहां डीजल चोरी न की जाए। ढाबा संचालक का कहना है कि डीजल चोर बहुत चालाक हैं। पहले भी इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।




- धरमजयगढ़ क्षेत्र में चोर गिरोह भारी वाहनों से लगातार कर रहे डीजल की चोरी

**थाने में शिकायत एफआईआर दर्ज**

बायसी निवासी 37 वर्षीय राकेश कुमार मौर्य ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके ढाबे पर रोजाना 7-8 गाड़ियां आती हैं और रात के समय कुछ वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। बुधवार को कुछ ड्राइवरों ने उन्हें बताया कि उनकी गाड़ियों से डीजल चोरी हो गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चार संदिग्धों को पकड़ा है।





हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक

ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।


**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल







घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव


## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**


**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद

कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम पाकर टोली निवासी स्व. राम साय का कुआं के पानी में डूबने से 18 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी सोमारी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29, 30 एवं 31 को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15000 पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु जशपुर जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी 2026 गुरूवार को निर्धारित है। उक्त मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाइन पोर्टल मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन दोनों आवश्यक है। ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाइन पोर्टल मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं करवाया है, वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकतें है एवं 29 जनवरी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता पासपोर्ट साईज फोटो पहचान पत्र अनुभव प्रमाण पर इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकतें है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जशपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### राउरकेला की प्रमुख सड़क को जाम से राहत दिलाने की पहल



**राउरकेला।** शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही अवैध सड़क किनारे पार्किंग की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप में सामने आई है। आरएमसी कार्यालय चौक से पावर हाउस चौक तकए म्युनिसिपल कॉलेज रोड के माध्यम से गुजरने वाला अत्यंत व्यस्त मार्ग इन दिनों लगातार जाम की चपेट में है। सड़क के दोनों ओर अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों के कारण न केवल वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नगर निगम अधिकारियों के वार्ड भ्रमण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि इस मार्ग पर अवैध पार्किंग यातायात के सुचारु संचालन में बड़ी बाधा बन चुकी है। विशेष रूप से व्यस्त समय में पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण नियमित सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### गेहूं की पैदावार कम लागत में ज्यादा मुनाफा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को कृषि विभाग के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। विभाग द्वारा कृषकों को उचित मार्गदर्शन और खरीफ के साथ-साथ रबी फसल की खेती से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि किसानों को अच्छी आमदनी मिल सके। मनोरा विकासखण्ड ग्राम सोगड़ा निवासी कीना राम खरीफ फसल के साथ-साथ रबी फसल की खेती करके अतिरिक्त लाभ ले रहे हैं। कृषक कीना राम ने बताया कि कृषि विभाग मनोरा के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा रबी की खेती करने हेतु बताया गया एवं एनएफएसएनएम योजना अंतर्गत एक एकड़ भूमि हेतु अच्छी किस्म का गेंहू बीज अनुदान पर दिया गया। किसान ने बताया कि अच्छे से खेत की तैयारी कर उसमें अच्छी मात्रा में गोबर की खाद डालकर समय-समय पर सिंचाई और खरपतवार प्रबंधन भी किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जशपुर को राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने और मतदाता सहभागिता को नई ऊंचाई देने की दिशा में जशपुर जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर जशपुर जिले का चयन "निर्वाचन में तकनीक का प्रभावी उपयोग श्रेणी के अंतर्गत राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन जिला पुरस्कार के लिए किया गया है। यह सम्मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के कुशल नेतृत्व, नवाचारपूर्ण सोच और सतत प्रशासनिक प्रयासों का प्रतिफल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा यह पुरस्कार कलेक्टर रोहित व्यास को 25 जनवरी 2026 को रायपुर स्थित विवेकानंद सभागार, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा।

**25 को कलेक्टर रोहित व्यास होंगे सम्मानित**

**निर्वाचन में तकनीक के प्रभावी उपयोग से**



### जशपुर ने रचा नया मानक

निर्वाचन के दौरान जशपुर जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का उल्लेखनीय उपयोग किया गया। ई-प्रणालियों के माध्यम से मतदाता सूची का शुद्धिकरण, डिजिटल निगरानी, ऑनलाइन प्रशिक्षण, सोशल मीडिया के जरिए मतदाता जागरूकता, स्वीप गतिविधियों में तकनीकी नवाचार तथा चुनाव प्रबंधन में आईटी टूल्स के प्रभावी प्रयोग ने जशपुर को राज्य स्तर पर अग्रणी बनाया।

### कलेक्टर की भूमिका निर्णायक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने निर्वाचन कार्य को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानते हुए इसे एक जनभागीदारी अभियान के रूप में संचालित किया। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, निर्वाचन अमला, तकनीकी टीम और फील्ड स्तर के कर्मियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए तकनीक को आम मतदाता से जोड़ा। यही कारण है कि जशपुर जिले के प्रयासों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रूप से सराहा गया।

### जिले के लिए गौरव का क्षण

यह सम्मान न केवल जशपुर जिला प्रशासन के लिए, बल्कि जिले के प्रत्येक मतदाता, अधिकारी-कर्मचारी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सुदूर आदिवासी एवं पहाड़ी अंचलों वाला जशपुर जिला भी तकनीक आधारित सुशासन और लोकतांत्रिक नवाचार में राज्य के लिए मिसाल बन सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर मिलने वाला यह राज्य स्तरीय पुरस्कार जशपुर जिले के निर्वाचन इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा और भविष्य में और बेहतर, पारदर्शी तथा सहभागी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रेरणा बनेगा।

## लाखझार घाट पर नाकाबंदी, बाइक समेत पकड़ा गया आरोपी

# ओडिशा से कफ सिरप लाकर बेचने का प्रयास, 640 शीशी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतबा चौकी क्षेत्र में पुलिस ने ओडिशा से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप लाकर बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 640 नग विस्कोरेक्स कोडीन फास्फेट कफ सिरप बरामद की गई है, जिसकी बाजार कीमत करीब 1 लाख 11 हजार रुपए बताई जा रही है।

■ नशे के सौदागरों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सुरंगपानी निवासी मोहित गुप्ता लंबे समय से नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस की टेक्निकल टीम और मुखबिर तंत्र के जरिए निगरानी रखी जा रही थी। इसी बीच खबर मिली कि आरोपी उड़ीसा से कफ सिरप लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहा है।सूचना मिलते ही कोतबा पुलिस ने लाखझार घाट के पास नाकाबंदी की। ग्राम फरसाटोली की ओर से आ रहे बिना नंबर की होंडा सिटी 110 मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी के दौरान बाइक पर बंधी बोरियों में दो कार्टून कफ सिरप मिले।



### दो और कार्टून जंगल से बरामद

पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर जंगल में छुपाकर रखे गए दो अन्य कार्टून भी बरामद किए गए। इस तरह कुल चार कार्टून में 640 शीशी, 64 हजार मिलीलीटर प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप पुलिस ने जप्त की। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

### दस्तावेज नहीं दिखा सका आरोपी

पुलिस पूछताछ में आरोपी कफ सिरप से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने स्वीकार किया कि वह यह कफ सिरप उड़ीसा से खरीदकर जशपुर क्षेत्र में बेचने के लिए लाया था।

### भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21(सी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### एसएसपी बोले- जीरो टॉलरेंस

इस कार्रवाई को लेकर शशि मोहन सिंह ने कहा कि "नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नशे के सौदागरों के खिलाफ ऑपरेशन आघात लगातार जारी रहेगा।"

## बेर तोड़ने गए दादा-पोते पर हाथी का हमला, दोनों घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के खाड़ामाचा गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब बेर तोड़ने जंगल गए दादा-पोते पर अचानक हाथी ने हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों जंगल में बेर तोड़ रहे थे तभी झाड़ियों से अचानक हाथी निकल आया और हमला कर दिया। हमले में दोनों ज़मीन पर गिर पड़े और चोटिल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया, जिससे हाथी जंगल की ओर भाग गया।घायलों को तुरंत गांव लाकर सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन उन्हें कुछ दिन निगरानी में रखा जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का निरीक्षण किया। हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैकिंग शुरू कर दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले न जाने और सतर्क रहने की अपील की गई है।

■ हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने वन विभाग की ट्रैकिंग शुरू

# संदिग्ध दही के डिब्बे में बदल रहे थे स्टीकर मिलावट की आशंका पर उठा ले गई पुलिस

**रायगढ़।** पिकअप वाहन में रायपुर से रायगढ़ खपने आ रहे संदिग्ध दही के डिब्बों में स्टीकर बदलने का काम किया जा रहा था। मिलावट की आशंका से स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद चक्रधर नगर पुलिस ने चालक और उसके साथी को सामान सहित थाने ले गई।

कयाघाट पुल के उपर केलो विहार मार्ग में एक पिकअप वाहन में लोड 5 लीटर वाले दही के डिब्बों में स्टीकर बदलने का काम चालक और उसके साथी कर रहे थे। गुरुवार की शाम 4 से 6 बजे तक उनके इस हरकत को सामने स्थित घर वाले देखते रहे और उन्हें मिलावट की आशंका हुई तो उन्होंने मीडिया को सूचना दी। फोटो-वीडियो बनाने लगे तो वाहन चालक व उसका साथी भड़क गए। इसके बाद चालक स्टीकर को फेंकने लगा और कुछ को छिपा दिया। मामले की बारीकी से पड़ताल करने पर पता चला कि दही के डिब्बों में नंदनम कंपनी का स्टीकर लगा था जोकि कृष्ण नंदन मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड कटघोरा रोड बिलासपुर का है। उक्त सटीकर को चालक व उसका साथी निकाल कर उसमें वैद्य फूड कंपनी का स्टीकर लगा रहे थे, जोकि अहिवारा रोड शंकर नगर कुम्हारी भिलाई का है। इसके बारे में पूछने पर चालक और उसके साथी ने कुछ भी नहीं बताया। इसके बाद मामले की सूचना चक्रधर नगर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप में लोड सामान के साथ दोनों को थाने ले गई। पूछताछ में चालक और उसके साथी ने अपना नाम तक नहीं बताया। बस इतना कहा कि वो रायपुर के तेलीबांधा से सामान उठा कर रायगढ़ आए हैं, लेकिन कहां खपाना है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। इस तरह वो गोलमोल जवाब दे रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसमें दही के अलावा कैरेट में पनीर भी लोड है। इन खाद्य पदार्थों की गुण्वत्ता क्या है, इसके सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर कहा बुरा प्रभाव पड़ेगा यह जांच का विषय है। जिम्मेदारी से भाग रहे फूड एंड सेफ्टी अफसर इस मामले में जांच और कार्रवाई का अधिकार स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसरों का है। मामले की जानकारी देने के लिए कई अलग-अलग नंबरों से फूड एंड सेफ्टी अफसर सरिता पटेल को फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। इसके बाद उनका मोबाइल नंबर बंद आया। इस तरह अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पीछे भागते हैं।




### कार्रवाई की जाएगी

आपके माध्यम से मामले की जानकारी मिली है। मैं अपनी टीम को चक्रधर नगर थाने भेजता हूं। गड़बड़ी पाए जाने पर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. अनिल कुमार जगह, सीएमएचओ, रायगढ़

# कुनकुरी जय स्तंभ चौक पर सड़क सुरक्षा का संदेश

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस ने कुनकुरी के जय स्तंभ चौक में विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन सड़क सुरक्षा माह के तहत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जीवन झरना समिति, कांसाबेल द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से हुई। कलाकारों ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं को प्रभावशाली ढंग से दिखाया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक छोटी सी भूल पूरे परिवार की जिंदगी बदल सकती है।

कार्यक्रम में मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाएं असामान्य मौतों का बड़ा कारण बनती जा रही हैं और इसकी मुख्य वजह यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए जरूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है।



### ओवर स्पीड व नशे में वाहन न चलाने की अपील

वरिष्ठ नागरिक राधेश्याम जिंदल ने युवाओं से ओवरस्पीड और नशे में वाहन न चलाने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव और यातायात प्रभारी जशपुर उप निरीक्षक प्रदीप मिश्रा ने नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर एएसपी पाटनवार के नेतृत्व में शहर में "हेलमेट पहने, सुरक्षित रहें"संदेश के साथ हेलमेट जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। साथ ही आम नागरिकों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित ड्राइविंग की शपथ दिलाई गई।



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नारी सम्मान सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 11 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त मातृशक्ति का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा सामाजिक चेतना को जागृत करते इस अभियान का ही प्रतिफल है कि आज बेटियाँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कीर्तिमान रच रही हैं। डबल इंजन सरकार बेटियों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्यरत है, ताकि वे समाज की प्रगति में अग्रणी बनें।

# ऑपरेशन गोरक्षा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई 35 नए लॉकर व 25 बैंक खातों का खुलासा

**केंदुझर।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन गोरक्षा के तहत केंदुझर पुलिस को लगातार एक के बाद एक बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। गौ.तस्करी से जुड़े माफिया नेटवर्क के 25 और बैंक खातों तथा 35 नए लॉकरों का पता चला है। इन सभी लॉकरों को खोलने और बैंक खातों में हुए लेन देन की गहन जांच के बाद तस्करी से जुड़े पूरे वित्तीय साम्राज्य के उजागर होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। पहले चरण में पुलिस ने 146 बैंक खातों की पहचान की थी, जबकि अब 25 नए खाते सामने आने से कुल संख्या बढ़कर 171 हो गई है। इन सभी खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी तरहए कल तक 25 लॉकरों को जब्त किया गया था, जबकि आज विभिन्न बैंकों में 35 और लॉकर होने की जानकारी मिली है।



# तीर्थ, मेला या हाट जाएं तो पत्नी के लिए यथाशक्ति श्रृंगार अवश्य लाएंः पटेल



**बिलाईगढ़।** ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ के टिकरीपारा में शिव शक्ति महिला समिति द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय रामकथा के तृतीय दिवस क्षेत्र के सुप्रसिद्ध रामायणी, ग्राम बांसउरकुली निवासी भाई श्यामसुंदर पटेल ने कथा वाचन किया।

उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जब भी तीर्थ स्थान, मेला मड़ई अथवा हाट बाजार जाएं तो अपनी पत्नी के लिए यथाशक्ति श्रृंगार अवश्य लाना चाहिए। इससे पति पत्नी के बीच प्रेम बढ़ता है, तनाव व मनमुटाव कम होता है तथा परिवार में सुख शांति बनी रहती है। भाई श्यामसुंदर पटेल ने भगवान श्रीराम और माता सीता के चित्रकूट वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम स्वयं माता सीता के लिए पुष्पों से आभूषण बनाकर उनका श्रृंगार करते हैं। इस प्रसंग का उल्लेख श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने इस प्रकार किया है। कथा के दौरान ग्राम बिलाईगढ़ निवासी गीता देवांगन, मुरारीलाल देवांगन तथा ग्राम बांसउरकुली निवासी संतोष यादव गुरुजी ने सुमधुर भजनों व मानस गायन से श्रोता समाज को भावविभोर कर दिया।

कथा के विधि विधान, मानस पाठ, यज्ञ, हवन एवं पूजा, अर्चना का संचालन बिलाईगढ़ निवासी पंडित बद्रीप्रसाद दुबे द्वारा किया जा रहा है। रामकथा प्रतिदिन दोपहर लगभग 2 बजे से रात्रि 12 बजे तक चल रही है, जिसका समापन दिनांक 25 जनवरी 2026, गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ होगा। कथा के संचालक चैतूराम राकेश, मंगलूराम राकेश एवं रामनाथ राकेश ने बताया कि श्रोताओं के लिए प्रतिदिन भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## अतिथि, ग्रामीण, अधिकारी कर्मचारी, श्रमिकों ने बनाया वीबी जीरामजी का मानव श्रृंखला

# वीबी जीरामजी योजना की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और जिला पंचायत सीईओ विभागीय अधिकारियों के साथ ग्राम रामभाठा, ग्राम पंचायत चांटीपाली मौके पर काम कर रहे नवीन तालाब निर्माण कार्य के मजदूरों के बीच उपस्थित हुए एवं वीबी जीरामजी योजना के बारे में विस्तृत से मजदूरों को जानकारी दी। नवीन तालाब निर्माण कार्य में काम कर रहे मजदूरों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने काम में गांव के दिव्यांगजन को भी प्रावधान के तहत रोजगार देने हेतु रोजगार नियोजन के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान सरपंच चांटीपाली ओमलाल यादव सहित लगभग 300 मजदूर, ग्रामीण उपस्थित थे। सभी से कलेक्टर ने केन्द्र सरकार की नवीन योजना वीबी जीरामजी के बारे में संवाद स्थापित किया। वीबीजीरामजी के बारे में विस्तार से एपीओ मनरेगा शशिकांत गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों एवं मजदूरों को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने इस दौरान उपस्थित मजदूरों और ग्रामीणों से शासन की अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है या नही, पूछताछ किया। गांव में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजनाए श्रम विभाग की योजना, महतारी वंदन योजना एवं स्कूल में शिक्षक के आने व पढ़ाने जैसे महत्वापूर्ण विषयों पर ग्रामीणों से जानकारी लिया। ग्रामीणों के द्वारा लगभग सभी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त होना एवं शासन की योजनाओं से संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा के लगभग 300 मजदूरों ने वीबी.जीरामजी योजना के प्रति मानव श्रृंखला बनाकर समर्थन व्यक्त किया।




### वीबी जीरामजी योजना पूर्व नाम मनरेगा से लाभ

वीबी जीरामजी योजना के तहत अब 100 दिवस के स्थान 125 दिवस का रोजगार, 7 दिवस में मजदूरी भुगतान न होने पर मुआवजा, समय पर कार्य नही मिलने पर बरोजगारी भत्ते के प्रावधान, जल संबंधी कार्यो को मिलेगा बढ़ावा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचनाओं होगी सुदृढ़ आजीविका के अवसरों का होगा विस्तार, अनुकूल क्षमता का होगा विकास, जैसे महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में बताया गया।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांगों के लिए आज रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प

**सारंगढ़।** दिव्यांगों के लिए रायपुर में आज प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। दिव्यांगजनों के विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उप संचालक डॉ. राशी अतुलकर ने जानकारी दी कि इस प्लेसमेंट कैम्प में स्क्वेयर बिजीनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा कस्टमर सपोर्ट एक्सीक्यूटिव के 100 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों का वेतन 10500-14500 के साथ ही ईपीएफ इंसेंटिव, मेडिकल की सुविधा रहेगी।

### निरामय अस्पताल में शल्य चिकित्सा शिविर

**सुंदरगढ़।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, सुंदरगढ़ तथा एनटीपीसी दर्लीपाली स्थित निरामय अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय चरण का हाइड्रोसील शल्य चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह शिविर सरकार के फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें हाइड्रोसील ऑपरेशन को प्रमुख गतिविधि के रूप में शामिल किया गया है। जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति सुंदरगढ़ एवं निरामय अस्पताल, दर्लीपाली के समन्वित प्रयास से दिनांक 20 जनवरी को आयोजित इस शिविर में कुल 16 मरीजों का सफलतापूर्वक हाइड्रोसील ऑपरेशन किया गया। शिविर में लेफ्रीपड़ा एवं हेमगिर ब्लॉक से चिन्हित मरीजों को लाकर उपचार उपलब्ध कराया गया।

### पारदर्शिता पर निगम का फोकस

**राउरकेला।** राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने तथा भवन निर्माण स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी प्रभावी और नागरिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से राउरकेला नगर निगम आरएमसी की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास, प्रशासनिक सुधार और नियोजित निर्माण से जुड़े अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान आयुक्त ने राउरकेला के समग्र और सतत विकास के लिए मजबूत राजस्व आधार को अनिवार्य बताते हुए कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए राजस्व संग्रह बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र में अधिकतम राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली अपनाई जाए।

### ड्रेन के लिए पावर हाउस में किया तोड़ फोड़

**राउरकेला।** भाजपा की बूथ एजेंट रही पूजा विश्वास के घर पर आर एम सी द्वारा 21 जनवरी की सुबह ड्रेन के लिए बुलडोजर चला देने का मामला राजनितिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया हैं। जिससे शहर के पावर हाउस रोड स्थित नेशनल क्लब के पीछे बन रहे ड्रेन निर्माण को लेकर आरएमसी राउरकेला नगर निगम की कार्रवाई विवाद का विषय बन गई है। आरएमसी की टीम ने राउरकेला ट्रक मालिक संघ आरटीओ, ऑफिस लेन में स्थित एक मकान के दो कमरों को बुलडोजर से ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान आरएमसी के अधिकारी अजित पटनायक समेत दर्जन भर से अधिक कर्मचारी मौजूद थे। बुलडोजर चलाने से पहले अंचल की बिजली काट दी गई। अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मजिस्ट्रेट और बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया। मकान मालिक कमल विश्वास और उनके परिवार ने कार्रवाई को भेदभावपूर्ण बताया।

**निधन...**

### रबी कानुंगो

**राउरकेला।** राउरकेला के प्रतिष्ठित स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार रबी कानुंगो का बुधवार देर रात भुवनेश्वर में निधन हो गया। उनके निधन से ओड़िया भाषा, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक युग का अंत हो गया है। उन्होंने अपने लेखन और संपादकीय दृष्टि के माध्यम से न केवल समाज को दिशा दी, बल्कि भाषा और विचार की गरिमा को भी सुदृढ़ किया।

## अवैध धान पर मंडी राजस्व और खाद्य विभाग की कार्रवाई

# सारंगढ़ में बेखौफ हो रही है सरकारी धान की रिसाइकल, 14 मिलों में पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ जिले के राइस मिलों में बेखौफ सरकारी धान की रि-साइकल हो रही है। इसका ताजा उदाहरण संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जब्त धान है। छापेमारी के दौरान 2 हजार 467 क्विंटल अवैध धान जहां जब्त किया गया है। वहीं 14 राइय मिलों को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से सारंगढ़ जिले के राइस मिलों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

कृषि उपज मंडी, मार्कफेड, राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त जांच दल के द्वारा बुधवार को जिले में कार्रवाई कर 14 व्यापारियों के गोदामों को सील कर दिया है। इन मिलों से 2 हजार 467 क्विंटल अवैध धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार 4622 किसानों का 326 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया।



जांच करने पहुंची अधिकारियों की टीम।

संयुक्त दल द्वारा सारंगढ़ ब्लॉक में निरीक्षण कर राज ट्रेडर्स से 162.80 क्विंटल धान, लक्ष्मी भास्कर ट्रेडर्स भंवरपुर में 60 क्विंटल, राधा कृष्णन ट्रेडर्स में 110 क्विंटल धान जब्त कर गोदाम सील कर दिया हे। इसी तरह बरमकेला तहसील में राधेश्याम ट्रेडर्स प्रोपाईटर गोपी अग्रवाल का 112 क्विंटल धान, रिद्धि सिद्धि ट्रेडिंग में 116 क्विंटल, महेन्द्र अग्रवाल रिसोरा 112 क्विंटल, रमेश अग्रवाल दर्राभाठा 88 क्विंटल, नरेश सिदार सोनबला 100 क्विंटल, अमर विलास पटेल कालाखूंटा 88 क्विंटल, चन्दन ट्रेडिंग 400 क्विंटल, महिमा ट्रेडर्स भठली में 70 क्विंटल, श्याम ट्रेडर्स भिखमपुरा में 2240 क्विंटल और जय भिक्षु ट्रेडर्स सरिया में 32 क्विंटल धान जब्त कर इन सभी गोदाम को सील किया गया है। विकासखण्ड बिलाईगढ़ के मेसर्स रोहित देवांगन के प्रतिष्ठान में 511क्विंटल धान, गोविन्दवन में श्याम ट्रेडर्स 50 बोरा 20 क्विंटल धान एवं आशीष अग्रवाल 50 बोरा 20 क्विंटल धान, जय ट्रेडर्स पण्ड्रीपानी में 120 क्विंटल धान जब्त किए गए।



## ग्राम सेमीकोट में जल संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूकता, किट के जरिए पानी की गुणवत्ता की जांच, ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के पेयजल की शुद्धता की जानकारी दी जा रही है।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 एवं जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड बरमकेला के ग्राम पंचायत सेमीकोट में बुधवार को ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगण एवं जल वाहिनियों की उपस्थिति में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के परियोजना समन्वयक खेमेश गबेल एवं परियोजना समन्वयक संतोष राठौर के द्वारा ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन योजना की जानकारी, योजना का संचालन एवं संधारण, जल का महत्व एवं जल स्त्रोतों के आसपास की साफ सफाई के साथ साथ हैंडपम्प एवं प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण जैसे जल संरक्षण कार्यों को विस्तारपूर्वक समझाया गया।

## रायपुर ने राउरकेला को मात देकर जीता घरघोड़ा चैम्पियनशीप का खिताब

**रायपुर के नितीन सिंह मैन आफ द मैच व रौशन शर्मा मैन आफ द सिरिज घोषित**

**घरघोड़ा।** आरसी रायपुर ने जिमखाना राउरकेला की टीम को एकतरफा मुकाबले में 184 रन से पराजित कर 42वीं ओपी जिंदल समृति आल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2025-26 जीत लिया है। घरघोड़ा के खेल प प्रांगण में ढोल नगाढ़ों, बाजे-गाजे, फटाकों के साथ भारी दर्शकों की उपस्थिति में खेले गए फायनल मैच में आरसी रायपुर के गेंदबाजों ने अपनी गेंदों से जिमखाना राउरकेला की टीम को झुकने पर मजबूर कर दिया।




हल्की ठंड के बीच शानदार उछाल भरी पिच पर आरसीए रायपुर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज अनुराग साहू के 68 गेदों में 70 रन और शशांक तिवारी 46 रनों के जुझारू और अंत में रवि फरीकर के 25 गेदों में 32 के सहयोग से टीम ने निर्धारित 34.5 ओवरो में अपने सभी विकेट खोकर 228 रनों को चुनौती भरा स्कोर खड़ा किया। जिमखाना राउरकेला के लिए रौशन शर्मा और वाल्टर टोप्पो ने क्रमशः 32 व 40 रन देकर 04-04 महत्वपूर्ण विकेट चटकाये। वहीं निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिमखाना राउरकेला की पारी बुरी तरह लड़खड़ा गई। निर्धारित 10.4 ओवरो में अपने सभी विकेट खोकर महज 44 रन ही जुटा आरसी, रायपुर टीम के गेंदबाजो के घातक गेंदबाजी के सामने टीम के राउरकेला बल्लेबाज एक एक रन के लिए संघर्ष कर रहे थे। रायपुर के नितीन सिंह ने 5 ओवर में 23 रन देकर 05 विकेट चटकाए वहीं कप्तान हर्ष कुमार ने भी अपना जलवा दिखाते हुए 06 ओवर में 17 रन खर्चकर 04 विकेट चटकाए। वही राउरकेल के 05 बल्लेबाज अपना चाता भी नहीं खोल पाए। पिछले मैच के हीरो रवि फरीकरए रणजी प्लेयर प्रवीण लुहा एवं वाल्टर टोप्पो भी कुछ खाश नहीं कर पाये और पूरी टीम महज 10.4 ओवरो में अपने सभी विकेट खोकर महज 44 रन ही जुटा सकी। टीम के लिए अंतिम क्रम के बल्लेबाज रिंकल तिवारी ने ही 15 रनों का योगदान दिया। और अंततः आरसीए रायपुर ने 184 रनों से मैच जीत लिया।

वहीं इस दौरान रायपुर के नितीन सिंह को फायनल मैच के मैन आफ द मैच प्रतियोगिता का बेस्ट बालर हर्ष पटेल रायपुर एवं पूरे प्रतियोगिता के दौरान शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए रौशन शर्मा राउरकेला को मैन आफ द सिरिज घोषित किया गया। आसिफ घरघोड़ा को बेस्ट कीपर, अनुग्रह नारायण रायगढ़ को को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार से सममानित किया गया। आज के फायनल मैच में अंपायर ओडिया के प्रभंजन एवं चंद्रेश यादव रहे। वहीं स्कोरर खिलेश भारद्वाज, केशु सिदार, वेदंत यादव और अनमोल भारती ने सम्हाला। मैच का आंखो देखा हाल रंजीत कन्नौजिया ने सुनाया। इस दौरान विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरूस्कार स्वरूप नगद राशि व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## खुद के टोकन से समधी का धान खपा रहा था कोटवार, जा सकती है कोटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

एसडीएम ने धान खरीदी में लापरवाही करने वाले पटवारी और गड़बड़ी करने वाले कोटवार को नोटिस जारी किया है। इस प्रकरण में पटवारी कृष्णा कुर्रे को धान टोकन का सत्यापन में त्रुटि करने पर उन्हें नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम कोटवार खोरिगांव तहसील बरमकेला को अवैध धान परिवहन कर अवैध लाभ अर्जित करने के लिए किसी अन्य का धान स्वयं के टोकन में खपाने का प्रयास करने पर कोटवार मोतीलाल यादव पिता रामो यादव के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

- धान का भौतिक सत्यापन में त्रुटि, पटवारी को भी मिला

उड़न दस्ता जांच दल द्वारा 19 जनवरी को बरमकेला तहसील के ग्राम खोरिगांव में गकोटवार



मोतीलाल यादव पिता रामो यादव के निवास व कोठार का आकस्मिक जांच किया, जिसमें खलिहान में खड़े माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एएस 0277 में धान लोड था। पूछताछ में कोटवार द्वारा इस धान का परिवहन अपने समधी, निवासी ग्राम खैरगढ़ी से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के खोरिगांव नावापारा रोड से किया जाकर ग्राम खोरिगांव के मौका स्थल पर खड़ा करना एवं 20 जनवरी को जारी स्वयं के टोकन में बिक्री के लिए लाना स्वीकार किया गया। इस वाहन में 175 बोरी कृषि उपज धान लोड होना पाया गया। ग्राम कोटवार के कथनानुसार गाड़ी का मालिक लक्ष्मी यादव निवासी कोतरा है जो मौके पर उपस्थित नहीं था। मौके पर उपस्थित पंचो द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। माना जा रहा है कि इस तरह की गड़बड़ी सामने आने के बाद कोटवार की कोटवारी भी जा सकती है।

## छग के ट्रांसपोर्टरों के साथ अन्याय युवा कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

**रायगढ़।** ओड़िशा सीमा पर कोयला परिवहन को लेकर लगातार गहराते विवाद पर जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस उस्मान बेग ने राज्य सरकार से तत्काल उच्चस्तरीय हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला अब केवल ट्रांसपोर्ट या व्यापार का नहीं रहा, बल्कि संविधान, संघीय व्यवस्था और देश की आंतरिक शांति से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है।



जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने बताया कि ओडिशा के सुंदरगढ़ ज़िले की खदानों से प्रतिदिन 1000 से 1200 कोयला वाहन छत्तीसगढ़ में प्रवेश करते हैं। इन वाहनों से एक संगठन द्वारा वर्षों से 150 से 500 प्रति गाड़ी अवैध वसूली की जा रही है। औसतन यह राशि करीब 93 करोड़ रुपए से अधिक बैठती है। यह पैसा न किसी सरकारी खाते में गया और न किसी वैधानिक कल्याण कार्य में बल्कि आरोप है कि इसी धन से असामाजिक तत्वों को पाला गया और राजनीतिक संरक्षण खरीदा गया। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्टरों ने इस अवैध व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो जवाब में डर, दबाव और हिंसा का सहारा लिया गया।

## चांदमारी स्कूल में त्रैमासिक बैठक

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं पालक शिक्षक सम्मेलन शासन के मंशानुरूप विभागीय निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ.मनीषा त्रिपाठी के नेतृत्व में एएस एम डी सी अध्यक्ष शोभा शर्मा की अध्यक्षता में सदस्यगण शिक्षाविद् पूर्णानंद शर्मा, पालक सदस्य जयकुमारी नाग आदि की उपस्थिति में आयोजन किया गया इस सम्मेलन में सभी बहुत उत्साहित दिखाई दिए।



यह सम्मेलन भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष के साथ एवं विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ, एवं लगभग दो घण्टे तक चला। शालेय परिवार ने मंचासीन उपस्थित सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात नवीन पदस्थापित भृत्य पूर्णिमा चौहान को अध्यक्ष शोभा शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षाफल की जानकारी, शत प्रतिशत बच्चों की शाला में उपस्थिति, लगातार अनुपस्थित बच्चे, उनके लर्निंग स्तर, शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं क्रियान्वयन, स्वास्थ्य परीक्षण, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला का नियमित एवं सक्रिय उपयोग, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रणाली में सुधार आदि समस्त बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक सार्थक चर्चा की गई।

## किण्डर वैली के वार्षिकोत्सव में थिरके नन्हें कदम, दर्शकों का मोहा मन

**रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था किण्डर वैली ने स्कूल डायरेक्टर श्रीमती रेणु के मार्गदर्शन में 18 जनवरी को एक निजी होटल में बच्चों के लिए यादगार वार्षिकोत्सव 2025-26 का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने मनभावन परिधानों में खूबसूरत ढंग से सजकर मंच में तमाम उपस्थित लोगों के समक्ष अपने दिल की कला का बेझिझक प्रदर्शन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही उनके हुनर की रौशनी से होटल का परिसर जगमगा गया तो उनकी हर खूबसूरत प्रस्तुति पर लोगों ने दिल से तालियाँ बजाकर उनके हौसले को बुलंद किया। दीप प्रज्वलन से शुभारंभ शाम को बेहद खुशनुमा माहौल में तमाम अभिभावकों की उपस्थिति में सर्व प्रथम भगवान गणेश की वंदना और माता सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर डायरेक्टर श्रीमती रेणु जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष हेमंत थवाईत व अभिभावकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और मंत्रों के मधुर धुन से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया।



## सरसींवा क्षेत्र में टोकन संकट और मनमानी से किसान हो रहे परेशान

**सारंगढ़।** सरसींवा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था और लापरवाही अपने चरम पर है। टोकन समय पर न कटने, गुणवत्ता के नाम पर मनमाने ढंग से धान रिजेक्ट करने और सीमित समय सीमा थोपे जाने से अन्नदाता गहरे संकट में फंस गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि किसान मजबूरी में अपना धान औने पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने को विवश हो रहे हैं।



किसानों का आरोप है कि कई खरीदी केंद्रों में टोकन कटने की प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी है। लंबे समय तक इंतजार के बावजूद टोकन नहीं मिलने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। दूसरी ओर मंडियों में लाए गए धान को स्तरहीन, मिट्टी मिश्रित या कचड़ा युक्त बताकर बिना ठोस जांच के रिजेक्ट कर दिया जा रहा है, जबकि यही धान पूर्व वर्षों में बिना किसी आपत्ति के स्वीकार किया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की निर्धारित अवधि अब अपने अंतिम चरण में है। शासन द्वारा घोषित समय सीमा के अनुसार धान खरीदी मात्र 29 जनवरी तक ही शेष रह गई है, लेकिन इस सीमित समय में भी खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। टोकन न कटनेए गुणवत्ता के नाम पर मनमानी और समय सीमा की सख्ती ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

स्थिति को और भी गंभीर बनाता है यह नियम कि सुबह 12 बजे तक ही धान स्वीकार किया जाएगा। दूर दराज़ के गांवों से आने वाले किसानों के लिए यह समय सीमा किसी बड़ी बाधा से कम नहीं है। कई किसान सुबह निकलने के बावजूद समय पर केंद्र नहीं पहुंच पाते और उनका धान बिना खरीदी लौटाया जा रहा है।

> जब धान खरीदी की अंतिम तारीख 29 जनवरी सिर पर हो टोकन कटना बंद हो गुणवत्ता के नाम पर धान लौटाया जाए और 12 बजे की समय सीमा में किसान को बाहर कर दिया जाए तो यह अव्यवस्था नहीं, बल्कि अन्नदाता को बाजार के भरोसे छोड़ने की सोची समझी व्यवस्था प्रतीत होती है। वही सरकार कही न कही खरीदी कम रूप से करना चाह रही है।
>
> **रेशम कुर्रे**
> पार्षद नपं सरसींवा एवं पूर्व सभापति जिपं बलौदाबाजार

## कांग्रेस ने की मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर के जिलों एवं ब्लॉकों में संगठनात्मक विस्तार के तहत बरमकेला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में डभरा मंडल से सुशील नायक को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूची के अनुसार बरमकेला शहर से सालीकराम नायक, डभरा से सुशील नायक, लेंध्रा से विजय पटेल, तौसीर से चंद्रचरण नायक, डोंगरीपाली से मनोरंजन भोय, बड़े नावापारा से गुरुचरण प्रधान तथा देवगांव से ललित नायक को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी द्वारा इन सभी नेताओं को संगठन की मजबूती एवं आगामी चुनावी तैयारियों को देखते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे पूर्व में डभरा के सरपंच प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी रजनी नायक डभरा की सरपंच थीं।



## बिजली बकायादारों पर कार्रवाई, काटे कनेक्शन

**जांजगीर-चांपा।** बिजली बकायादारों पर कार्यवाही को लेकर विद्युत विभाग का अमला एक्शन मोड पर है। इसी के तहत नैला एवं चाम्पा जोन में अभियान चलाकर 108 विद्युत उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए है। इन उपभोक्ताओ पर करीब 16 लाख 9 हजार से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इस कार्यवाही से बकायादारो में हडकंप मच गया है।गौरतलब है कि विद्युत बकायादारो से बिजली बिल की वसुली करने को लेकर कार्यवाही करने के साथ विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे है, ताकि बकायादार बिजली का बिल जमा करे। इसी के तहत बुधवार 21 जनवरी को जांजगीर शहर के नैला एवं चाम्पा जोन में अभियान चलाया गया।

